मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी – मार्च, 1992 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 19 फरवरी, 1992 (माघ 30, 1913)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138(1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री मोतीलाल वोरा, सदस्य, उज्जैन की विनोद एवं विमल मिलों के बंद होने से उत्पन्न श्रमिकों में बेरोजगारी की स्थिति की ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री भैंगालाल पटेल, सदस्य, प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में कृषकों को मूंगफली के बीज उपलब्ध न हो पाने की ओर कृषि मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) डा. गोविन्द सिंह, सदस्य –
- (क) जिला भिण्ड के ग्राम मेहरा बुजुर्ग परगना लहार में कन्या प्राथमिक शाला खोले जाने, तथा
- (ख) जिला भिण्ड के ग्राम परा में हैण्डपम्प लगवाये जाने,

(2) श्री गोपीलाल, सदस्य –
- (क) जिला गुना विकास खण्ड शढौरा को तहसील का दर्जा दिलाये जाने,
- (ख) जिला गुना विकास खण्ड शढौरा के ग्राम सोवत के नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,
- (ग) जिला गुना विकास खण्ड शढौरा को नगर पालिका का दर्जा दिलाये जाने,

(3) श्री नानालाल पाटीदार, सदस्य –
- (क) जिला मंदसौर तहसील सीतामऊ के ग्राम सूरखेड़ा, साखनली आम्या रावटी में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराये जाने,
- (ख) जिला मंदसौर तहसील सीतामऊ के साखनली से लावरी मार्ग को मुख्य मार्ग से जोडने,

(4) श्री माधव सिंह ध्रुव, सदस्य –
- (क) जिला रायपुर के ग्राम बेलरबाहरा की सोन्दूर नदी में पुल निर्माण कराने,
- (ख) जिला रायपुर के ग्राम गट्टा सिल्ली में हाई स्कूल भवन बनाने, तथा
- (ग) जिला रायपुर के ग्राम बेलरबाहरा में सोन्दूर जलाशय से सिंचाई नहर निर्माण कराने,

(5) श्री राम बहादुर सिंह, सदस्य –
- (क) जिला गुना के नगर कुंभराज में कन्या हाई स्कूल खोलने,
- (ख) जिला गुना के ग्राम पारकना में मिडिल स्कूल खोलने,
- (ग) जिला गुना के कस्बा लाखोरी में मिडिल स्कूल खोलने, तथा
- (घ) जिला गुना के कस्बा बीनागंज में कन्या हाई स्कूल खोलने,

(6) श्री रामानन्द सिंह, सदस्य –
- (क) जिला सतना के ग्राम मेहुती में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने,
- (ख) जिला सतना विकास खण्ड मझगवां के विभिन्न ग्रामों में विद्युतीकरण कराने, तथा
- (ग) जिला सतना के ग्राम कारीगोही में बडलिया सिंचाई बांध बनाने,

(7) श्री रमाकांत तिवारी, सदस्य –
- (क) जिला रीवा तहसील त्यौथर के चाक सोनौरी, ककरहा मार्ग के चौराघाट पुल निर्माण कराये जाने,
- (ख) जिला रीवा की तहसील त्यौथर के ग्राम पटेहरा, जनकहाई मार्ग के महानदी पर रपटा निर्माण कराये जाने, तथा
- (ग) जिला रीवा तहसील त्यौथर के जवा गदी सोहखा मार्ग के गदी नदी पर पुल निर्माण एवं तगहा व इटौरी नाला पर रपटा निर्माण कराये जाने,

(8) श्री राम सिंह धुर्वे, सदस्य –
- (क) जिला मण्डला विधान सभा क्षेत्र शाहपुरा के ग्राम विक्रमपुर में महाविद्यालय खोले जाने, तथा
- (ख) जिला मण्डला विधान सभा क्षेत्र शाहपुरा में पेयजल योजना प्रारंभ कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

4. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्री तेजसिंह सेंधव, सदस्य द्वारा दिनांक 18 फरवरी 1992 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा –(क्रमशः)

" राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं".

5. वर्ष 1992-93 के आय-व्ययक का उपस्थापन

3 बजे श्री रामहित गुप्त, वित्त मंत्री, वर्ष 1992-93 के आय-व्ययक का उपस्थापन करेंगे.

भोपालः
दिनांकः 18 फरवरी, 1992

विभेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा